INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	**Department: Hindi (2nd Lang.)**	**Date of submission:**
Worksheet no.1	**Topic: अर्थ ग्रहण**	**Note: Please file in portfolio.**

गद्यांश- 1

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर, 1904 को वाराणसी के निकट मुगलसराय में एक निर्धन परिवार में हुआ था। सुख तो शायद इनके भाग्य में आरंभ से ही नहीं लिखा था। इनके पिता शारदा प्रसाद एक साधारण अध्यापक थे । जब लाल बहादुर केवल डेढ़ वर्ष के थे तब इनके पिता की मृत्यु हो गई। आर्थिक कठिनाइयों से घिरे, पिता के स्नेह से वंचित शास्त्री जी की शिक्षा बहुत कष्टमय स्थिति में हुई। बड़ी कठिनाई से मैट्रिक पास करने के बाद इन्होंने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। फिर गांधीजी की पुकार पर यह देश के स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। उन्होंने अनेक बार जेल-यात्रा भी की। इस प्रकार उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई। शास्त्री जी का संपूर्ण व्यक्तित्व व जीवन अनूठा था। 'जय जवान जय किसान' का नारा देने वाले छोटे कद का, परंतु विलक्षण व्यक्ति अपनी महान उपलब्धियों व गुणों के कारण सदियों तक याद किया जाएगा।

प्रश्न-1 शास्त्री जी का जन्म कहाँ हुआ था?

1) इलाहाबाद
2) वाराणसी
3) मुरादाबाद
4) मुगलसराय

प्रश्न-2 शास्त्री जी के पिता का व्यवसाय क्या था?

1) अध्यापक
2) क्लर्क

3) लेखक

4) कवि

प्रश्न 3 शास्त्री जी का बचपन कैसा था?

1) सुखमय

2) साधारण

3) कष्टमय

4) विलक्षण

प्रश्न- 4 मैट्रिक पास करने के बाद उन्होंने कौन सी उपाधि प्राप्त की?

1) शास्त्री

2) खत्री

3) मिस्त्री

4) आचार्य

प्रश्न-5 'अंत' का उचित विलोम शब्द चुनिए ।

1) अनोखा

2) अद्भुत

3) साधारण

4) आरंभ

गद्यांश - 2

एक बार किसी राजा ने अकबर से कहा, 'यदि आप मुझे एक घड़ा भरकर बुद्धि दे दें, तो मैं आपको चतुर मानूँगा ।" अकबर सोच में पड़ गए और बीरबल से उपाय पूछा। बीरबल ने कहा, 'महाराज ! मैं छ: महीनों में एक घड़ा भरकर बुद्धि बना लूँगा ।" घर आकर बीरबल ने अपने बगीचे में कद्दू का बीज बो दिया । बीज उगे और कुछ दिनों बाद बेल पर छोटे-छोटे फल दिखने लगे । अब बीरबल ने छोटे मुँह वाला एक घड़ा लिया और घड़े को बेल के ऊपर टेढ़ा करके रखा, फिर बेल में लगे एक कद्दू को घड़े में डाल दिया । कुछ दिनों बाद वह कद्दू बढ़ते-बढ़ते उस घड़े में फँस गया । बीरबल ने बेल से कद्दू को काटकर अलग किया और घड़े को अकबर को दे दिया और कहा,

“महाराज ! यह है घड़ा भर कर बुद्‌धि, इस घड़े से बुद्‌धि को निकाल लीजिए। याद रखिए घड़ा टूटे नहीं, बुद्‌धि को साबुत निकालकर मेरा घड़ा वापस कर दीजिए।“

प्रश्न-1 राजा ने अकबर से क्या माँगा?

1) मुट्‌ठी भर बुद्‌धि
2) एक घड़ा भर धन
3) एक घड़ा भरकर बुद्‌धि
4) एक घड़ा भरकर बुद्‌धिमान

प्रश्न-2 बीरबल ने बगीचे में क्या बो दिया?

1) करेले के बीज
2) कद्‌दू के बीज
3) खरबूज़े के बीज
4) काजू के बीच

प्रश्न-3 बीरबल ने अकबर से कितना समय माँगा था?

1) चार महीने
2) तीन महीने
3) छः महीने
4) सात महीने

प्रश्न4 बीरबल ने घड़ा भर बुद्‌धि राजा को देते समय क्या सावधानी बरतने को कहा?

1) कद्‌दू टूटने ना पाए
2) घड़ा टूटने ना पाए
3) बुद्‌धि गिरने ना पाए
4) बुद्‌धि सूखने ना पाए

प्रश्न-5 गद्‌यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए

1) घड़ा भर बुद्‌धि
2) चतुर राजा
3) कद्‌दू के बीज
4) टेढ़ा कद्‌दू